नई दिल्ली में मृत्यु हो गयी थी, के सम्मान में अभी तक कोई स्मारक डाक-टिकट जारी न किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ख) क्या सरकार निकट भविष्य में उनके सम्मान में कोई डाक-टिकट जारी करने का विचार रखती है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

ऊर्जा और संचार मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) और (ख) स्मारक विशेष डाक टिकटें जारी करने के बारे में तथा अन्य सम्बद्ध मामलों पर सरकार को सलाह देने के लिये विभाग में एक फिलेटेलिक सलाहकार समिति कार्यरत है। यह प्रस्ताव फिलेटेलिक सलाहकार समिति के समक्ष रखा गया था लेकिन इसे मंजूर नहीं किया गया। तथापि, इसे फिलेटेलिक सलाहकार समिति की अगली बैठक में पुन विचार के लिये रखने का निर्णय नहीं लिया गया है।

उत्तर प्रदेश में और अधिक उद्योग लगाए जाने का प्रस्ताव

1436. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में और अधिक उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय सरकार द्वारा चलाये जा रहे एककों में अब तक कुल कितने व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जा चुका है ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगल राव) (क) और (ख) उद्योग तथा खनिज क्षेत्र के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र के जिन उद्यमों के नये एककों के लिये सातवीं योजना में व्यवस्था की गयी है, उनका ब्यौरा इस प्रकार है :--

(करोड रुपयों)

क्र० सं०	उद्यम	एकक	व्यवस्था
1.	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि०	हरिद्वार और झांसी में नई योजनाएं	2.00
2.	भारत पम्प एण्ड कम्प्रैशर्स लि०	नैनी में नई योजनाएं	8.82
3.	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लि०	नैनी में नई योजनाएं	1.40
4.	एच० एम०टी० लि०	रानीबाग में नई योजनाएं	2.00
5.	इण्डियन ड्रग्स एण्ड फार्मेस्यूटिकल्स लि०	ऋषिकेश में नई योजनाएं	2.00

(ग) लगभग 1.29 लाख।

राजस्थान की ताप और पन-बिजली परियोजनाएं

1437 **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान राज्य में ताप और पन-बिजली की कितनी परियोजनायें चल रही हैं;

(ख) ऐसी परियोजनाओं की संख्या तथा ब्यौरा क्या है जो इस समय निर्माणाधीन है तथा इन परियोजनाओं द्वारा उत्पादन कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा ;

(ग) ऐसी तापीय तथा पन-बिजली परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है परन्तु वे केन्द्रीय सरकार के पास अभी तक लम्बित हैं तथा वे केन्द्रीय सरकार के पास कब से लम्बित हैं; और